राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली सरकार
परिवहन विभाग
5/9, अण्डर हिल रोड़, दिल्ली – 110054

सं. एफ 19(04)/परि0वि0/सचि0 शा0/2019/123641 दिनांक : 31/12/2021

सेवा में,

उप–सचिव (प्रश्न),
दिल्ली विधान सभा सचिवालय,
पुराना सचिवालय, दिल्ली – 110054

विषय :– दिनांक 03/01/2022 को सदन की बैठक में लिए जाने वाले तारांकित प्रश्न संख्या 07

महोदय,

आपके पत्र के संदर्भ में उपरोक्त प्रश्न के उत्तर की 100 प्रतियॉं संलग्न है।

यह माननीय परिवहन मंत्री के पूर्व अनुमोदन से जारी हुआ है।

(विकास जैन)
पीसीओ (सचि0)

VIKAS JAIN
Pollution Control Officer
Transport Department
5/9, Under Hill Road, Delhi-54

Scanned with CamScanner

विभाग का नाम	–	परिवहन विभाग, दिल्ली सरकार
विभाग का पता	–	5/9, अंडर हिल रोड़, दिल्ली – 110054
तारांकित प्रश्न संख्या	–	07
सदस्य का नाम	–	श्री विशेष रवि
दिनांक	–	03.01.2022

क्या माननीय परिवहन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

क. सं.	प्रश्न	उत्तर
क	परिवहन आयुक्त को आईजीआई एयरपोर्ट के लिए नए बस रूट चलाने तथा बस रूट संख्या 610 को बंद करने के कारणों के संबंध में लिखे मेरे पत्र संख्या 114957 दिनांक 22.10.2020 पर क्या कार्रवाई की गई;	पत्र दिनांक 22.10.2020 संदर्भ संख्या 114957 के बारे में दिल्ली परिवहन निगम ने मान्नीय विधायक को दिनांक 17.12.2020 के पत्र द्वारा अवगत कराया गया था कि वर्तमान में दिल्ली परिवहन परिवहन निगम के बेडे में संसाधनों के अभाव में आपकी मांग के अनुसार नई बस सेवा चलाना व रूट संख्या 610 पर बसें बढ़ाने सम्भव नहीं है। देव नगर से यात्री रूट संख्या 610 का लाभ प्राप्त करके तालकटोरा रोड़ तथा यहाँ से एयरपोर्ट एक्प्रैस व रूट संख्या 729 बी की का लाभ प्राप्त करके अपने गंतव्य तक पहुँच सकते है।
ख	परिवहन आयुक्त को करोल बाग मेट्रो स्टेशन से फीडर बस के संबंध में लिखे मेरे पत्र संख्या 116278 दिनांक 03.11. 2020 पर क्या कार्रवाई की गई;	यह पत्र राज्य परिवहन प्राधिकरण शाखा ने उचित कार्यवाही करने के लिए दिल्ली मैट्रो को प्रेषित कर दिया गया था। दिल्ली मैट्रो द्वारा पत्र दिनांक 26.07.2021 में यह बताया गया है कि करोलबाग मैट्रो स्टेशन से चंद्र विहार वाया देव नगर, पंजाबी बाग, ज्वाला हेडी, IFCI कॉलोनी, SB नगर, मीरा बाग, नांगलोई सय्यद रूट पर रूट नम्बर ML 67 पर मैट्रो फीडर बस सेवा निर्धारित है। अपितु कोरोना के सर्वव्यापी महामारी के चलते दिल्ली मैट्रो के द्वारा मैट्रो फीडर बस सेवा अस्थायी रूप से निलंबित कर दी गयी है। अतः दिल्ली मैट्रो द्वारा वर्तमान में कोई फीडर बस सेवा करोल बाग मेट्रो स्टेशन से संचालित नहीं है।
ग	परिवहन आयुक्त को कंपोज़िट लोन स्कीम में ई–रिक्शा के संबंध में लिखे मेरे पत्र संख्या 114979 दिनांक 31.08.2020	पत्र दिनांक 31.08.2020 के संदर्भ संख्या 114979 के द्वारा ई–रिक्शा (यात्री/ मालवाहक) को कम्पोजिट लोन स्कीम के अंर्तगत 50,000

ASHISH KUNDRA, IAS
Pr. Secretary-Cum-Commissioner (Tpt)
Transport Department,
GNCT of Delhi
5/9, Under Hill Road, Delhi-110054

Scanned with CamScanner

	पर क्या कार्रवाई की गई; और ...	रूपए का लोन SC/ST/OBC/ Minorities को DSCFDC द्वारा दिलाने हेतु आग्रह किया गया था, जिसे परिवहन विभाग द्वारा पत्र दिनांक 03.10.2020 के द्वारा Delhi Scheduled Caste Finance Development Corporation (DSCFDC) को मूलतः रूप में उचित कार्यवाही के लिए प्रेषित कर दिया गया था तथा जिसकी प्रतिलिपि मान्नीय विधायक को भी प्रेषित की गयी थी।
घ	परिवहन मंत्री को गंगा मंदिर मार्ग पर क्लस्टर बसों को चलाने हेतु अनुस्मारक संख्या 120187 दिनांक 27.09.2021 पर क्या कार्रवाई की गई?	अनुस्मारक पत्र संख्याः 120187 दिनांक 27.09.2021 जोकि माननीय परिवहन मंत्री को लिखा गया था, जिसकी एक प्रति प्रबंध निदेशक, DIMTS को भी दी गई थी। इसके उपरांत भौतिक सर्वेक्षण (Physical Survey) से यह मालूम हुआ कि गंगा मंदिर सर्किल से राधा स्वामी सर्किल तक प्राइवेट कारों द्वारा रोड पर भारी अतिक्रमण है। इसलिए परिचालन सीमाओं (Operational Constraints) की वजह से बसें रविदास मार्ग से चलाई जाती हैं जोकि गंगा मंदिर सर्किल के समानान्तर है। माननीय विधायक को DIMTS द्वारा पत्र संख्या–DIMTS/RT/2021/52/4009 दिनांक–01.10.2021 को कार्यवाही की रिपोर्ट तथ्यों सहित सूचित कर दी गई थी।

ASHISH KUNDRA, IAS
Pr. Secretary-cum-Commissioner (Tpt)
Transport Department
GNCT of Delhi
5/9, Under Hill Road, Delhi-110054

(आशीष कुन्द्रा)
प्रमुख सचिव सह आयुक्त (परिवहन)
विभागाध्यक्ष

Scanned with CamScanner